रविवार
22 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 48 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## ईद-उल-फितर पर नालंदा में दिखी कौमी एकता, बड़ी दरगाह से अमन और भाईचारे का संदेश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह, आस्था और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही जिले की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बिहारशरीफ की ऐतिहासिक बड़ी दरगाह सहित विभिन्न नमाज स्थलों पर हजारों लोगों ने ईद की विशेष नमाज अदा की और देश की तरक्की, सामाजिक सौहार्द तथा विश्व शांति के लिए दुआ मांगी।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर से लेकर गांव तक हर जगह आपसी प्रेम और सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखा, जबकि बुजुर्गों ने भी इस पर्व को शांति और भाईचारे के संदेश के रूप में मनाया।

ईद के अवसर पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन की मदद से लगातार निगरानी रखी जा रही थी, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। सदर डीएसपी वन नुरुल हक भी बड़ी दरगाह पहुंचे और नमाजियों से मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।वहीं, बड़ी दरगाह के सज्जादानशीन सैयद सैफुद्दीन फिरदौसी ने नमाज के बाद लोगों को संबोधित करते हुए



कहा कि ईद का दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने का दिन है। रमजान के पवित्र महीने में रोजे रखने की तौफीक देने के लिए इंसान को अल्लाह का आभारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में जंग और भय का माहौल है, ऐसे में जरूरत है कि इंसानियत, प्रेम और शांति के रास्ते पर चलकर समाज को बेहतर बनाया जाए।

## संयम और रणनीति की राजनीति: निशांत की राजनीतिक प्रशिक्षण अलग स्तर की दिख रही

पटना (अपना नालंदा)।राजनीति में अक्सर यह माना जाता है कि जो नेता ज्यादा आक्रामक दिखे या लगातार सुर्खियों में रहे, वही प्रभावशाली होता है। लेकिन कई बार वास्तविक राजनीतिक समझ शांत स्वभाव, कम शब्दों और सही समय पर सही रणनीति अपनाने में दिखाई देती है। हाल के दिनों में जिस तरह से निशांत के राजनीतिक कदम सामने आए हैं, उससे यह चर्चा तेज हो गई है कि उनकी राजनीतिक प्रशिक्षण और समझ सामान्य राजनीति से कहीं अलग स्तर की प्रतीत होती है।

कई लोग अभी भी उन्हें हल्के में लेते हुए मजाक में कमजोर समझ रहे हैं, लेकिन राजनीति के जानकारों का मानना है कि समय के साथ उनकी राजनीतिक समझ और भी स्पष्ट होकर सामने आएगी। राजनीति में हर समय बोल्ड या आक्रामक दिखना जरूरी नहीं होता। कई बार कम बोलने वाला व्यक्ति ही परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझता और संभालता है। बाहर से साधारण दिखने वाला हर व्यक्ति राजनीतिक रूप से कमजोर हो, यह जरूरी नहीं।

राजनीति के हालिया उदाहरणों को देखें तो यह साफ होता है कि राजनीतिक व्यवहार और रणनीति का कितना बड़ा असर चुनावी परिणामों पर पड़ता है। कुछ नेताओं ने अपने व्यवहार में अत्यधिक अनौपचारिकता दिखाने की कोशिश की, जिससे राजनीतिक संदेश कमजोर पड़ गया। वहीं दूसरी ओर कुछ अनुभवी नेताओं ने समय रहते गठबंधन और रणनीति के माध्यम से चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिए।

दक्षिण भारत की राजनीति में इसका उदाहरण देखने को मिलता है, जहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने चुनाव से पहले कांग्रेस के साथ समय रहते तालमेल बनाकर सीटों का बंटवारा तय कर लिया। राजनीतिक



विश्लेषकों का मानना है कि यह रणनीति संभावित विरोध और एंटी-इनकंबेंसी को कम करने में मददगार साबित हुई। इसके विपरीत, कई स्थानों पर दलों के बीच अंत तक चलने वाली खींचतान ने चुनावी माहौल को प्रभावित किया।

इसी संदर्भ में निशांत के राजनीतिक बयान भी चर्चा में रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान दिए गए उनके वक्तव्यों को देखें तो उनमें संयम और स्पष्टता दिखाई देती है। उन्होंने बहुत सीमित शब्दों में वही बातें कहीं, जो एक राजनीतिक कार्यकर्ता अपने नेतृत्व और पार्टी के समर्थन में कहना चाहता है। उनके बयान कहीं से भी जल्दबाजी या अपरिपक्वता का संकेत नहीं देते।

राजनीति में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह होता है कि व्यक्ति संगठन में अपनी भूमिका को किस तरह से स्थापित करता है। अभी तक जो संकेत मिले हैं, उनसे लगता है कि निशांत ने पार्टी से जुड़ते ही किसी बड़े पद या नेतृत्व की जल्दबाजी नहीं दिखाई। इसके बजाय वे धीरे-धीरे संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ने, संवाद बढ़ाने और विश्वास अर्जित करने की दिशा में आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह शैली पारंपरिक राजनीति से अलग जरूर है, लेकिन दीर्घकाल में यही रणनीति किसी भी नेता की मजबूत राजनीतिक पहचान बनाने में मदद कर सकती है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनका यह संयमित और रणनीतिक राजनीतिक सफर किस दिशा में आगे बढ़ता है।

## नालंदा में एलपीजी गैस की नहीं है कोई कमी, अफवाहों से बचें: जिलाधिकारी

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने शनिवार को बताया कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार नियमित रूप से गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों के एरिया मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में प्रतिदिन हजारों गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए जा रहे हैं। बीपीसीएल की 27 एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन लगभग 4953 गैस सिलिंडर, एचपीसीएल की 9 एजेंसियों द्वारा करीब 2113 सिलिंडर तथा आईओसीएल की 18 एजेंसियों द्वारा करीब 2206 सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है। इस प्रकार जिले में प्रतिदिन कुल लगभग 9272 एलपीजी गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने आमजनों से अपील की है कि एलपीजी गैस की कमी से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। गैस बुकिंग या अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता जिला स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम के टोलफ्री नंबर 06112-233168 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि विभागीय निर्देश के तहत सभी गैस एजेंसियों का नियमित रूप से भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की शिकायत मिलने पर लगातार छापेमारी की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डां राजीव रंजन के पिता का निधन,परिवार व चिकित्सकों में शोक की लहर

संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डां राजीव रंजन के पिता बच्चु पासवान का असामयिक निधन से पूरा व अस्पताल के चिकित्सक से लेकर कर्मचारियों और परिवार शोकाकुल है।

श्रद्धेय बच्चू पासवान जी ( बिहार सरकार के वरीय निर्वाचन अधिकारी से सेवानिवृत्त, हुए है। ) डॉ रंजन ने कहा कि हमारे पिताजी हम सभी को सदा के लिए छोड़कर अनंत यात्रा पर प्रस्थान कर गए। उनकी आयु 81 वर्ष थी।

यह हमारे परिवार के लिए अत्यंत दुखद क्षण है। अभी 15 दिन पूर्व ही, दिनांक 6 मार्च 2026 को उनकी 37 वर्षीय पुत्री रश्मि का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया था। अपनी पुत्री के असमय जाने का गहरा सदमा वे सहन नहीं कर सके।

श्रद्धेय बच्चू पासवान जी अत्यंत सरल, मिलनसार एवं सज्जन स्वभाव के व्यक्ति थे। वे पटना जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे हमारे परिवार की



पहली पीढ़ी थे जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक अधिकारी के रूप में समाज में पहचान बनाई। चार भाइयों में सबसे छोटे होते हुए भी उन्होंने हमेशा परिवार को दिशा और संबल दिया। वे मेरे लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत थे।उनके निधन से हमारे परिवार पर गहरा संकट आ पड़ा है और यह क्षति अपूरणीय है।

उनका अंतिम संस्कार दिनांक 22 मार्च 2026 को सुबह पटना में किया जाएगा।

प्रकृति सभी परिवार को असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। तथागत बुद्ध की करुणा हो प्रकृति सभी परिवार को इस विकट संकट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# SAI BODHIT PVT. LTD.

बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।

## SHRIEJAN HEIGHTS

कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।

LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF

चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........




Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00

from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft

60% Free Area



COMFORT, LUXURY WELLNESS

**Amenities:**

- Swimming Pool
- Vastu Compliant Design
- Kids' Play Area
- Volleyball / Badminton Court
- Cricket net pitch
- Landscape & Roof Top Garden
- Temple in Premises
- Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
- 100% Power Backup
- Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
- EV Reserved Car Parking

Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004

Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)

Contact us today to book your site visit!

# कटहिया पुल पर बड़ा हादसा टला, खाई में गिरी स्कॉर्पियो, सभी सवार सुरक्षित



थरथरी (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के थरथरी-भतहर मार्ग स्थित कटहिया पुल के पास शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लखीसराय से हिलसा की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर पुल के पास खाई में जा गिरी। हालांकि राहत की बात यह रही कि वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो तेज गति से जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक वाहन मोड़ा, जिससे वह संतुलन खो बैठा। नियंत्रण खोने के बाद स्कॉर्पियो सड़क से नीचे खाई में उतर गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वाहन में सवार लोगों को बाहर निकाला। सौभाग्य से सभी लोग सुरक्षित रहे। बाद में काफी मशक्कत के बाद वाहन को खाई से बाहर निकालने का प्रयास किया गया।


स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कटहिया पुल का मोड़ काफी संकीर्ण और खतरनाक है। यहां अक्सर छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। करीब 15 दिन पहले भी इसी स्थान पर हुए सड़क हादसे में 16 वर्षीय रोहित कुमार की मौत हो गई थी।ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस खतरनाक स्थल पर जल्द सुधार कार्य कराया जाए। सड़क को चौड़ा करने, चेतावनी संकेत लगाने और सुरक्षा बैरियर लगाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान




Kalope HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# चंडी में ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी स्थित विवाह भवन में शनिवार को परम पूज्य ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के सम्मान में भव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय सत्संग केंद्र के सत्संगियों के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर श्रद्धा और भक्ति का परिचय दिया।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन और प्रवचन का क्रम शुरू हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी की आराधना की। सत्संग के दौरान ऋत्विकों ने ठाकुर जी के सिद्धांतों और उनके जीवन से जुड़ी शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर ऋत्विक बच्चु प्रसाद ने कहा कि जो व्यक्ति ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी से सच्चा प्रेम करता है, वही उन्हें सही मायनों में समझ सकता है। वहीं ऋत्विक उमेश प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि ठाकुर जी ने हमेशा प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया है, जिसे अपनाकर समाज में शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है।

ऋत्विक अर्जुन प्रसाद ने कहा कि नफरत से समाज में दूरी और अविश्वास बढ़ता है। ऐसे समय में ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के 'यजन, याजन और इष्टभृति' के सिद्धांत समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन प्रसाद, युगल किशोर प्रसाद, नीतू प्रसाद, श्रवण यादव सहित अन्य सत्संगी श्रद्धालुओं की सक्रिय भूमिका रही। अंत में शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।

# ईद की नमाज अता कर देश में अमन-चैन और तरक्की के लिए मांगी दुआ



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर नगर सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को हजारों अकीदतमंदों ने ईद के अवसर पर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अता की। रमजान उल मुबारक के आखिरी जुम्मे यानी अलविदा जुम्मे के मौके पर पूरे इलाके में मजहबी अकीदत और रूहानी माहौल देखने को मिला। नगर की छोटी-बड़ी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां देश की सलामती, भाईचारे और अमन-चैन के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गईं।


शनिवार की शाम जैसे ही ईद का चांद नजर आया, पूरे नगर में खुशी का माहौल बन गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस्लामपुर और खोदागंज ईदगाह में नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। डीएसपी कुमार ऋषि राज, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय और दुर्गेश कुमार गहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं।ईदगाह में सुबह साढ़े नौ बजे सज्जादानशी सैयद सैफुद्दीन अब्दाली राजी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि जिस तरह लोग रमजान में पांच वक्त की नमाज, तरावीह और कुरान की तिलावत करते हैं, उसी तरह अन्य महीनों में भी अल्लाह की इबादत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान से गलती होना स्वाभाविक है, इसलिए अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से माफी मांगनी चाहिए और नेक रास्ते पर चलना चाहिए।प्रखंड के मालिकसराय, मल्ह बिगहा, कजियाना, जामा मस्जिद, असदकिया, शकीना, अता सराय, खोदागंज, मीनाबाजार, कपसिया, महमूदा, मदारगंज और सरथुआ सहित कई मस्जिदों में भी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के बाद जरूरतमंदों को खैरात भी दी गई। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।












# तेज हवा और हल्की बारिश से फसलों को नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता



आर संतोष भारती


कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र में चैत्र माह के दौरान हुई हल्की वर्षा और तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज अचानक बदल दिया है। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और तेज हवा के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को फिर से हल्की ठंड का एहसास होने लगा है, वहीं किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है।

क्षेत्र में हुई बारिश और तेज हवाओं के कारण गेहूं, दलहन, तिलहन तथा मकई की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा के झोंकों से खेतों में खड़ी कई फसलें जमीन पर गिर गई हैं। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के लिए लगभग तैयार थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

कई किसानों ने बताया कि उन्होंने पूरे मौसम में कड़ी मेहनत और खर्च करके फसल तैयार की थी। अब तेज हवा और बारिश के कारण फसल के गिर जाने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों में हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। उनका कहना है कि अगर समय पर सहायता नहीं मिली तो उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

इधर, मौसम के अचानक बदले मिजाज से आम जनजीवन पर भी असर पड़ा है। लोगों ने ठंड से बचने के लिए फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। फिलहाल किसान अपनी फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं और सरकार से जल्द राहत की उम्मीद लगाए हुए हैं।






# छह लाख की लागत से बने छठ घाट का मंत्री व सांसद ने किया उद्घाटन



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के गांवों का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गांवों को शहरों की तरह सुविधायुक्त बनाने का काम किया है। आज गांवों में बिजली, नल का जल, पक्की सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

मंत्री श्रवण कुमार नूरसराय प्रखंड के मेयार पंचायत अंतर्गत लोहड़ी ककड़िया गांव में छह लाख रुपये की लागत से निर्मित छठ घाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिला है। साथ ही करोड़ों जीविका दीदियों को स्वरोजगार के लिए दस-दस हजार रुपये की सहायता दी गई है। जो महिलाएं आगे व्यवसाय करना चाहती हैं, उन्हें सरकार दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता भी दे रही है।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास की नीति पर लगातार काम हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जो विकास हुआ है, उसकी मिसाल देश के अन्य राज्यों में भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साइकिल योजना और नल-जल योजना जैसी कई योजनाएं देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।सांसद ने कहा कि आज गरीब और किसान परिवारों के बच्चे भी सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट कक्षा के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और मेहनत का परिणाम है।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जदयू नेता नवीन कुमार निश्चल, दीपू कुमार, चिंटू कुमार, अनिल प्रसाद, भुवनेश्वर प्रसाद, बंटी यादव, अभिमन्यु यादव, समर सिंह, दीपू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बीड़ी मजदूर यूनियन की बैठक में सदस्यता अभियान और मजदूरी मुद्दों पर हुई चर्चा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार राज्य जनवादी बीड़ी यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को कामरेड बासुदेव राय की अध्यक्षता में भाकपा माले जिला कार्यालय कमरुद्दीनगंज, बिहारशरीफ में आयोजित की गई। बैठक में बीड़ी मजदूरों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से बीड़ी मजदूर यूनियन की सदस्यता बढ़ाने, मजदूरों की मजदूरी में बढ़ोतरी के लिए वार्ता में प्रतिनिधियों के चयन, अधिक से अधिक मजदूरों को भविष्य निधि (पीएफ) से जोड़ने तथा अन्य संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 25 मार्च से 25 अप्रैल 2026 तक बीड़ी मजदूरों के बीच सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मजदूरों को यूनियन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके।

साथ ही विशेष रूप से जमुई जिले में अधिक से अधिक बीड़ी मजदूरों का नाम पीएफ में जोड़ने के लिए कामरेड बासुदेव राय के नेतृत्व में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जमुई जिला श्रम अधीक्षक के समक्ष बीड़ी मजदूरों की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना देने का भी फैसला लिया गया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि कोलकाता में होने वाली बीड़ी मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने से संबंधित वार्ता में भाग लेने के लिए कामरेड मकसुदन शर्मा और कामरेड बिनोद कुमार रजक प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे।

बैठक में जमुई से कामरेड बासुदेव राय, सुरेंद्र यादव, बैजनाथ यादव तथा नालंदा से मकसुदन शर्मा, बिनोद कुमार रजक, सुनील पासवान और हरिलाल दास समेत कई लोग उपस्थित रहे।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# राज्यों में अक्सर बाढ़, साइक्लोन और हीट वेव का खतरा ज्यादा रहता हैं

ग्लोबल वार्मिंग से त्रस्त है, क्योंकि इसका बुरा असर पर्यावरण के प्रत्येक घटक पर हो रहा है और मानवीय जीवन बेहद प्रभावित हुआ है, जबकि इस भयावह परिस्थिति का जिम्मेदार मनुष्य स्वयं हैं। मनुष्य ने अपने लालच, स्वार्थ और गैरजिम्मेदाराना हरकत से समस्त जीवसृष्टी को संकट में डाल दिया है, सभी ओर समस्याओं का अंबार लगा हुआ नजर आता हैं। मौसम का चक्र ऋतु अनुसार परिवर्तनशील चलता रहता है, परंतु लगातार मानवीय हस्तक्षेप से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता ही जा रहा है, जिस कारण मौसम में हमेशा बदलाव नजर आता हैं। कभी गर्मी में बारिश होती है, बारिश में ठंडी, ठंडी में बारिश, तो कभी बारिश में गर्मी होती है, वातावरण में लगातार बढ़ती आर्द्रता से जान घबराती हैं। कहीं बाढ़ तो कहीं अकाल पड़ जाता हैं। ऐसे अचानक मौसम में बदलाव से मानवी शरीर और फसलों, खाद्यपदार्थों पर बेहद बुरा असर होता हैं। शुद्ध वातावरण की देश में वैसे ही कमी होती है, हर ओर प्रदूषण, अशुद्ध हवा-पानी, खाद्यपदार्थों में घातक रसायनों का प्रयोग, मिलावटखोरी, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, जंगल कटाई, उपजाऊ भूमि का ह्रास, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता, हानिकारक गैसों का लगातार उत्सर्जन, खराब उत्पादों की बाजार में व्यापकता और घातक कचरे के बढ़ते पहाड़ ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार हैं। पहले के मुकाबले आज लोगों की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्या तेजी से बढ़ती नजर आती है, मौसम में हल्का सा बदलाव होते ही लोगों में वायरल फैल जाता है, जल्द बीमारी जकड़ लेती है, नयी-नयी जानलेवा बीमारियों ने जन्म ले लिया है, मनुष्य की रोग प्रतिकारक क्षमता कम समय में ही कमजोर पड़ जाती हैं।

इस बदलते मौसम के दुष्प्रभाव के कारण मनुष्यों के साथ-साथ असंख्य वन्य जीव, जलचर, जीवजंतु असमय जान गंवाते हैं।

हर साल 23 मार्च को "विश्व मौसम विज्ञान दिवस" जनजागरूकता के लिए पुरे विश्व में मनाया जाता हैं। इस वर्ष की थीम है "आजनिरिक्षण, कल की सुरक्षा"। लगातार बदलते मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त करना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि उस आंकलन पर विकास और सुरक्षा हेतु योग्य प्रारूप तैयार किया जा सकें। आपदाओं के खतरे को कम करके भविष्य के लिए दृढ विकास हम प्राप्त कर सकते हैं। अभी मार्च में शुरू हुई तेज गर्मी सामान्य से 4-8 सेल्सियस ज़्यादा तापमान हैं। हमारे देश में असंतुलित मौसम लगातार अपनेनवनवीन रिकॉर्ड बना रहा है, जो दशकों के अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा हैं। गर्मी में अत्यधिक गर्मी, ठंड में अत्यधिक ठंडी और बारिश के मौसम में बाढ़ की भयावह स्थिति हर ओर नजर आती हैं। इस कारण देश में अक्सर बीमारियों का साम्राज्य फला-फूला रहता हैं। लगातार बदलते मौसम से लोगों की सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है। 2025 की शुरुआत में खराब मौसम की घटनाओं से होने वाली मौतों में पिछले सालों के मुकाबले 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बढ़ते तापमान से ओजोन परत को बहुत नुकसान हो रहा है, जिससे सांस के विकार अधिक गंभीर हो रहे हैं। हीटस्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और दिल की बीमारियां बेतहाशा बढ़ रही हैं। उष्ण लहरों का बढ़ना, कीड़ों से होने वाली बीमारियों का बढ़ना, बाढ़ के कारण पानी से होने वाले इंफेक्शन, डायरिया, हैजा, मलेरिया, डेंगू और अशुद्ध ऑक्सीजन शामिल हैं, इसका सबसे ज्यादा बुरा असर आर्थिक रूप से कमजोर तबके पर बहुत ज़्यादा पड़ता है, जो अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी-रोजी के जुगाड़ में संघर्ष करते रहते हैं। समुद्री तटीय राज्यों में अक्सर बाढ़, साइक्लोन और हीट वेव का खतरा ज्यादा रहता हैं। मौसम की खराबियों और बार-बार फसल खराब होने के कारण संबंधित व्यवसायिकों या किसानों को मानसिक समस्या जैसे चिंता, नैराश्य और आघातोत्तर तणाव विकार हो सकता हैं। हमारे देश में किसानों को बेहद परिश्रम करने के बाद, प्रकृति की मार झेलने बाद भी योग्य फल या मुआवजा नहीं मिलता, इसलिए किसान आत्महत्या की घटनाएं अत्यधिक घटती हैं।

# चैती छठ की तैयारी तेज, घाटों पर चेंजिंग रूम और रोशनी की रहेगी व्यवस्था

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। चैती छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी प्रमुख छठ घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही घाटों तक जाने वाले रास्तों को भी दुरुस्त करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।प्रशासन की ओर से निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि 24 मार्च से पहले सभी छठ घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। नगर निकाय क्षेत्र में आने वाले घाटों की जिम्मेदारी नगर निकाय के अधिकारियों को दी गई है, जबकि प्रखंड क्षेत्रों के घाटों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सौंपा गया है।

घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के लिए अतिरिक्त लाइट लगाने का भी निर्देश दिया गया है। जिन घाटों में पानी की कमी है, वहां 24 मार्च की सुबह तक साफ पानी भरवाने का आदेश दिया गया है, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।सुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरे वाले घाटों पर बैरिकेडिंग करने और लाल झंडे लगाने को भी कहा गया है, ताकि लोग सुरक्षित स्थानों पर ही पूजा-अर्चना कर सकें। नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख दस छठ घाटों पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश नगर आयुक्त निशांत कुमार विवेक ने दिया है। साथ ही अधिकारियों को रोजाना किए गए कार्यों की निगरानी कर उसकी तस्वीरें साझा करने के लिए भी कहा गया है।

शहर के प्रमुख छठ घाटों में सोहसराय सूर्य मंदिर, बिहार क्लब, रामचंद्रपुर शिवपुरी, बाबा मणिराम अखाड़ा, बसारबिगहा, धनेश्वर घाट, मधड़ा शीतला मंदिर, चकरसलपुर पंचाने नदी तट, लोहगानी तथा कोसुक स्थित पंचाने नदी घाट शामिल हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम वातावरण में चैती छठ का पर्व मना सकें।

# निबंधन कार्यालय में नई व्यवस्था, डिस्प्ले बोर्ड से मिलेगी जमीन रजिस्ट्रेशन की जानकारी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला अवर निबंधन कार्यालय में जमीन खरीद-बिक्री से जुड़े लोगों की सुविधा के लिए नई व्यवस्था शुरू की गई है। अब जमीन निबंधन कराने आने वाले लोगों को अपनी क्रम संख्या की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। कार्यालय परिसर में लगाए गए डिस्प्ले बोर्ड पर जमीन निबंधन की क्रम संख्या प्रदर्शित की जाएगी, जिससे लोगों को अपने नंबर की स्थिति आसानी से पता चल सकेगी।

दरअसल, जमीन निबंधन की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के बाद खरीदार और विक्रेता को एकरार के लिए सही समय जानने में काफी परेशानी होती थी। कई बार लोगों को कार्यालय के कर्मचारियों के पास बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए जिला अवर निबंधन कार्यालय ने यह नई पहल की है।

नई व्यवस्था के तहत निबंधन के समय संबंधित व्यक्ति को एक क्रम संख्या दी जाएगी। इसके बाद डिस्प्ले बोर्ड पर उसी क्रमसंख्या के आधार पर नंबर दिखाया जाएगा। साथ ही कार्यालय द्वारा क्रम संख्या की घोषणा भी की जाएगी, ताकि जिनका नंबर आए वे तुरंत एकरार के लिए उपस्थित हो सकें।जिला अवर निबंधक अजय कुमार झा ने बताया कि इस व्यवस्था से जमीन खरीदारों और विक्रेताओं को काफी सहूलियत मिलेगी। लोग अपने क्रमांक के अनुसार ही एकरार करा सकेंगे और उन्हें अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी की क्रम संख्या 50 है और डिस्प्ले बोर्ड पर 10 दिख रहा है, तो उसे यह अंदाजा हो जाएगा कि उससे पहले कितने लोगों का काम बाकी है।

उन्होंने यह भी बताया कि विभागीय निर्देश के अनुसार मार्च माह में काम के दबाव को देखते हुए रविवार 22 मार्च को भी जिले के सभी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि लोगों के कार्य समय पर पूरे हो सकें।

# ठनका गिरने से हरा-भरा तार का पेड़ धू-धू कर जला, एक व्यक्ति जख्मी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर थाना क्षेत्र के सिपाह गांव में शनिवार को ठनका गिरने से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव में स्थित सीताराम महतो की दुकान के पास खड़े एक हरे-भरे तार के पेड़ पर अचानक ठनका गिर गया, जिससे पेड़ धू-धू कर जलने लगा। इस घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज गर्जना के साथ ठनका गिरा, जिससे पेड़ में तुरंत आग लग गई। देखते ही देखते पूरा पेड़ जलने लगा और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के दौरान गांव के ही शंकर चौधरी ठनका गिरने से घायल हो गए। उन्हें हल्की चोटें आई हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि ठनका गिरने के बाद पेड़ काफी देर तक जलता रहा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभालने में जुट गए। ग्रामीणों ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए पास के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।इस घटना के बाद गांव में कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने कहा कि मौसम में अचानक आए बदलाव और गरज-चमक के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# कड़ाह डीह रेलवे हॉल्ट पर चोरी, लाइट का 100 मीटर तार काट ले गए चोर

राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित कड़ाह डीह रेलवे हॉल्ट पर बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने टिकट घर के पास लगे लाइट का करीब 100 मीटर बिजली का तार काटकर चोरी कर लिया। घटना के बाद पूरे रेलवे हॉल्ट परिसर में अंधेरा छा गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि रात के समय चोरों ने मौका पाकर लाइट का तार काट लिया। सुबह जब रेलवे हॉल्ट के संचालक और स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो देखा कि बिजली का तार गायब है और चारों ओर अंधेरा पसरा हुआ है। इस घटना से यात्रियों में भी भय का माहौल बन गया है।रेलवे हॉल्ट के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि रात के समय कई यात्री सिलाव स्टेशन की बजाय कड़ाह डीह रेलवे हॉल्ट पर उतरते हैं। यहां साधन और सुविधा मिलने के कारण यात्रियों की आवाजाही भी रहती है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों को यह रास नहीं आता। उन्होंने आशंका जताई कि जानबूझकर इलाके में अंधेरा कर यात्रियों को असुरक्षित बनाने की कोशिश की जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी काफी आक्रोश है।

# ईद पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना की खानकाहों का किया दौरा, दी मुबारकबाद



पटना (अपना नालंदा)। ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर लोगों को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने सूफी परंपरा से जुड़े प्रमुख खानकाहों में पहुंचकर सज्जादा नशीं और श्रद्धालुओं से मुलाकात की तथा राज्य की सुख-शांति और समृद्धि के लिए दुआ की।सबसे पहले मुख्यमंत्री फुलवारीशरीफ स्थित खानकाह-मुजीबिया पहुंचे, जहां उन्होंने सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। यहां मौजूद लोगों को उन्होंने ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इसके बाद मुख्यमंत्री पटना सिटी के मित्तन घाट स्थित खानकाह-ए-मुनएमिया पहुंचे। यहां उन्होंने सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनआमी के साथ राज्य की शांति, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से मिलकर ईद की शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री ने इसके पश्चात् तकिया शरीफ, मित्तन घाट स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर सज्जादा नशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद समेत अन्य लोगों से मुलाकात की और ईद की बधाई दी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी को ईद के अवसर पर आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

# पूर्व विधायक सतीश कुमार के श्राद्धकर्म में पहुंचे मुख्यमंत्री, दी श्रद्धांजलि



पटना (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को कंकड़बाग स्थित पी.सी. कॉलोनी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व विधायक स्वर्गीय सतीश कुमार के श्राद्धकर्म में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया।

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सतीश कुमार के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि सतीश कुमार का राजनीतिक और सामाजिक जीवन हमेशा लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

श्राद्धकर्म के दौरान मुख्यमंत्री कुछ समय तक वहां रुके और परिवार के सदस्यों व अन्य उपस्थित लोगों से बातचीत की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की।

इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय सतीश कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# जहानाबाद में ईद पर दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, गले मिलकर दी मुबारकबाद



जहानाबाद (अपना नालंदा)। ईद-उल-फितर के अवसर पर जहानाबाद में आपसी प्रेम, भाईचारे और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों में त्योहार को लेकर खास उत्साह नजर आया। लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी, जबकि बाजारों में भी एक दिन पहले से ही काफी चहल-पहल देखने को मिली। लोग अपने परिवार के साथ कपड़े, टोपी, चप्पल और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी करते नजर आए।बच्चों में ईद को लेकर खास उत्साह दिखा। छोटे-छोटे बच्चे नए कुर्ता-पायजामा, टोपी और चप्पल पहनकर बेहद खुश नजर आए। रविवार की सुबह शहर के ईदगाह के आसपास मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। यहां बच्चों के लिए झूले लगाए गए थे, वहीं चाट-पकौड़े और मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चे झूलों का आनंद लेने के साथ ही ईदी पाकर काफी खुश दिखाई दिए।ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान शहर में गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देते नजर आए।इस अवसर पर राजद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व विधायक सुदय यादव, जहानाबाद के विधायक राहुल कुमार, पूर्व सांसद डॉ. जगदीश शर्मा समेत कई राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। सभी ने आपसी सौहार्द का संदेश देते हुए कहा कि त्योहार लोगों को जोड़ने और समाज में प्रेम व एकता का संदेश फैलाने का माध्यम है।

# राज्यपाल से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार के विकास पर हुई चर्चा



पटना (अपना नालंदा)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना स्थित लोक भवन में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान प्रदेश के विभिन्न मुद्दों और सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। संजय सरावगी ने कहा कि राज्यपाल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी रहे हैं तथा उन्होंने करीब चार दशक के सैन्य जीवन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल का प्रशासनिक अनुभव, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना बिहार के विकास के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व से राज्य को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

संजय सरावगी ने यह भी बताया कि बातचीत के दौरान राज्यपाल ने बिहार के लोगों की सादगी, मेहनत और प्रतिभा की सराहना की। साथ ही राज्य के सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि राज्यपाल के मार्गदर्शन और अनुभव से बिहार में विकास, सामाजिक समरसता और सुशासन को और मजबूती मिलेगी। इस मुलाकात को सकारात्मक और सार्थक बताया गया।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने*
*ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251